एक नजर

पूर्व विधायक मिर्धा ने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से मुलाकात की

डेगाना (सीमा संदेश संवाददाता)। डेगाना के चार बार के पूर्व विधायक रहै रिछपाल मिर्धा ने रविवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारियां से आत्मीय मुलाकात की ओर जनहित के मुद्दो पर चर्चा की। मिर्धा के नीजि सचिव दीपक अग्रावत ने इसकी जानकारी देकर बताया की रिछपाल मिर्धा ने राज्यपाल कटारिया की दूरदर्शिता ओर उनके अनुभवों से प्रेरणा लेकर बताया की कटारिया जी से बात करने से एक नई उर्जा व दिशा मिली।

शहर में शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन सजगता बरतेः कलेक्टर

डेगाना (सीमा संदेश संवाददाता)। कश्मीर मे आंतकवादी वारदात के बाद देश मे बदले माहौल ओर आमजन के गुस्से को देखते हुये

शहर सहित पुरे क्षैत्र मे शांती व्यवस्था को बनाये रखने के लिए जिला कलेक्टर नागौर अरूण पुरोहित ने प्रशासन को जनता के बीच रहकर पुरी सजगता बरतने के निर्देश दिये हे। डेगाना मे वीडियों कांफ्रेस कर जिला कलेक्टर ने अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर नजर रखने, भीडभाड वाली जगहों पर सुरक्षा का ध्यान का रखने, क्षैत्र मे होने वाले सामाजिक अेर धार्मिक आयोजनों के साथ सुरक्षा बलों को रखने तथा दीवारों पर भडकाउ व भ्रामक नारे ईत्यादी लिखवानें वालों पर भी ध्यान देने के सख्त निर्देश दिये। इसके अलावा गर्मी के मौसम को देखते हुये पालिका क्षैत्र की फायर ब्रिगेड के वाहन को तैयार रखनें के लिए निर्देशित किया। जिससे कही भी पर होने वाली आगजनी की घटना को रोका जा सके। बैठक मे उपखण्ड अधिकारी ओम प्रकाश माचरा ने नगरपालिका के ईओ जितेन्द्र खींचड को शहर मे पूर्व मे पालिका की ओर से लगाये खराब पडे सीसी टीवी कैमरों के तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिये। डिप्टी जयप्रकाश बेनिवाल ने भी थानाधीकारी हरीश सांखला से सांम के सांम से समय बाजारों मे गश्त करने ओर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, सीएलजी सदस्यों ओर गणमान्य लोगो के साथ सामजस्य बनाकर सम्पर्क में रहकर शहर ओर ग्रामीण क्षैत्र की वस्तु स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिये। बैठक मे एसडीएम माचरा, डिप्टी जयप्रकाश, तहसीलदार सतीश कुमार राव, विकास अधिकारी भंवराराम कालवी ओर नगरपालिका के अधिषाशी अधिकारी जितेन्द्र खीचड ईत्यादी मौजूद रहै।

पिकअप की टक्कर से वृद्धा की मौत

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। कोतवाली थाना क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से एक वृद्धा की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राधे-राधे गार्डन के पीछे से कैटरिंग का सामान लेकर जा रही एक पिकअप के ड्राईवर बंसीलाल ने पिकअप को लापरवाही से चलाते हुए चन्द्रभान अस्पताल में अपने पोते आशिष गुर्जर का इलाज कराने आई सूरजा देवी पत्नि केसर लाल गुर्जर (62) निवासी शिव कालोनी शिवाड़ के टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

डेगाना में धूमधाम के साथ मनाई जायेगी परशुराम जयंती

सीमा संदेश संवाददाता

डेगाना। रविवार को शहर के प्राचीन शिव मन्दिर में भगवान परसुराम जन्मोत्सव 28 व 29 अप्रैल को दो दिवसीय भव्य आयोजन के साथ मनाये जाने को लेकर सर्व ब्राहमण समाज के कार्यकताओं सहित समाज बन्धुओं की बैठक हुई जिसमें जयंती समारोह की तैयारियों के लेकर चर्चा की गई। जिसमें राजस्थान ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष घनश्याम पॉडिया ने बताया कि 28 अप्रैल को रात्रि 8.00 बजे श्री परसुराम शिक्षण सेवा संस्थान डेगाना पर सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं 29 अप्रैल मंगलवार सुबह 8.15 बजे भगवान परशुराम जी की शोभा

यात्रा निकाली जायेगी। डेगाना विधायक अजयसिंह किलक के मुख्य आतिथ्य मे निकाली जाने वाली शौभायात्रा पीपली वाले बालाजी मंदिर से प्रस्थान करेगी व डिप्टी ऑफिस, गायत्री मन्दिर, रामदेव मन्दिर, होते हुवे परशुराम शिक्षण सेवा संस्थान अजमेर रोड़ जायेगी। वहा भगवान परशुराम की महाआरती व वृक्षारोपण के साथ ही पक्षियों के परींडे व दाना चुगने के पात्र रखे जायेगे। उसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं महा प्रसादी, गायत्री प्लैस होटल अजमेर रोड़ में होगा। जिसमें राजस्थान ब्राह्मण महासभा के राज्य संगठन मंत्री बेणीगोपाल शर्मा ने बताया की सर्व ब्राह्मण समाज सहित स्थानीय विधायक अंजय सिहं किलक, राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष केसरीचन्द शर्मा,जयपुर, आल इंडिया फेडरेशन दिल्ली , एवं अध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर, सुभाष पाराशर, राजस्थान ब्राह्मण महासभा कार्यकारी अध्यक्ष एवं राजस्थान ब्राह्मण महासभा अजमेर सभाग प्रभारी ब्रिजेश उपाध्याय, पूर्व प्रधान पचायत समिति मकराना, हिम्मत सिंह राजपुरोहित, पूर्व नगर पालिका डीडवाना चेयरमेन प्रतिनिधि राजेन्द्र पारीक, जिला अध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा चुरु, पुनम चन्द पारीक , भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल पारीक बालोतरा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष नागोर जगदीश नारायण शर्मा मेड़ता सिटी सहित समाज के अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी भाग लेंगे।

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर महा आरती का होगा आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर विप्र फाउंडेशन मालपुरा द्वारा महा आरती का आयोजन किया जाएगा। विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि श्री परशुराम जन्मोत्सव पर विप्र फाउंडेशन द्वारा पुरानी तहसील स्थिति श्री मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में 29 अप्रैल को प्रातः 9 बजे भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान श्री परशुराम की महा आरती की जाएगी। कन्हैयालाल शर्मा ने सभी से आग्रह किया है अधिक से अधिक संख्या में की महा आरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाए। वही लाम्बाहरिसिंह में ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में परंपरा अनुसार आगामी 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी। समाज के पदाधिकारी ने भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर समाज सदस्यों घर-घर पहुंच पीले चावल देकर निमंत्रण दिया। समाज उपाध्यक्ष गोपाल लाल शर्मा अध्यापक ने बताया कि आगामी 29 अप्रैल को परशुराम जयंती के मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकालने की तैयारी को लेकर समाज सदस्यों के घर-घर पहुंच पीले चावल थमाकर निमंत्रण दिया गया। साथ ही बताया कि ब्राह्मण समाज धर्मशाला पर ब्राह्मण समाज सदस्य एकत्रित होकर भगवान परशुराम जी की झांकी सजा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान समाज अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

खाटूश्यामजी में गोल्डन वाटर पार्क बना पर्यटकों की पहली पसंद

सीमा संदेश संवाददाता

दांतारामगढ़/खाटूश्यामजी। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्यामजी में स्थित गोल्डन वाटर पार्क इन दिनों पर्यटकों और श्रद्धालुओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। सुविधाओं और रोमांचक वॉटर स्लाइड्स के चलते यह पार्क गर्मी के मौसम में सुकून और मस्ती का बेहतरीन स्थान बन गया है। जानकारी के अनुसार पार्क में वेव पूल, टोरंटो स्लाइड, फनल स्लाइड, सोफा मैट स्लाइड, मल्टी स्लाइड, रैन डांस, पारिवारिक पूल, और बच्चों के लिए मिकी माउस फाउंटेन सिस्टम, नौका विहार, ट्रैम्पोलिन जैसी अनेक आकर्षक गतिविधियां मौजूद हैं। हर उम्र के पर्यटक यहां आकर पानी की मस्ती में भीगते नजर आ रहे हैं और सेल्फी प्वाइंट्स पर यादगार पल कैद कर रहे हैं। वहीं, फास्ट फूड की सुविधा और सख्त सुरक्षा इंतजाम भी इस जगह को खास बनाते हैं।

वाटर पार्क मैनेजमेंट के अनुसार, सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने का प्रयास किया जा रहा है। गर्मी से राहत और परिवार संग मस्ती के लिए यह गोल्डन वाटर पार्क एक आदर्श जगह बन चुका है।

निःशुल्क नेत्र जांच व शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

कुचामनसिटी। लायंस क्लब कुचामन सिटी, लायंस चेरेटिबल टंस्ट कुचामन सिटी के तत्वाधान में लॉयन दलपतसिंह रूणिजा के सौजन्य से ''लॉयन्स हास्पीटल'' में न`त्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लायन संजीव सिह द्वारा, लायन डा`. वीके गुप्ता, प्रान्तपाल लायन श्यामसुन्दर मत्रं ी समाजसेवी श्री भंवरलाल बगड़िया एवं श्री पुरूषा `त्तम शेखराजका द्वारा चिकित्सको` की टीम का स्वागत करते हुए शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर में डॉ. अनिल कुमावत, डॉ राजकुमारी तथा डॉ. रितु तक्षक द्वारा 72 व्यक्तियों की जांच की गई एवं 27 नेत्र रोगी शल्य चिकित्सा हेतु चयनित किये गये, जिनमें से 26 व्यक्तियों का राजकीय मुणोत नेत्र चिकित्सालय में सफल शल्य चिकित्सा की जाकर दिनांक 27 मार्च 2025 को छुट्टी दी गई। इस दौरान राजकीय चिकित्सालय के सर्जन डॉ. अनिल कुमावत, डॉ राजकुमारी तथा डॉ. रितु तक्षक द्वारा सर्जरी पश्चात रोगियों को आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी गई।

मारोठ पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों व शांति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित

मारोठ (सीमा संदेश संवाददाता)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। राज्य सरकार एवं

राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर समस्त पुलिस थानों में शांति समिति और सीएलजी सदस्यों की बैठकें आयोजित कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में मारोठ पुलिस थाने में मारोठ नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों और शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें नायब तहसीलदार और एएसआई ने समस्त सदस्यों से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई और एएसआई जगराम ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के जरिए अथवा व्यक्तिगत कोई भी भ्रामक जानकारी सकुर्लेट ना करें और किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं करें। पुलिस हर प्रकार से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर बनाए हुए हैं इसलिए सभी सावधान रहें सतर्क रहें। अपने गांव मोहल्ले में रहने वाले किराएदारों व होटलों व दुकानों में काम करने वाले नौकरों का पुलिस सत्यापन करवाने के निर्देश दिए गए जिससे किसी भी प्रकार की आपराधिक घटनाओं से बचा जा सके।

सेवा भारती द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

150 मरीजों ने लिया शिविर का लाभ

सीमा संदेश संवाददाता

पावटा। सेवा भारती पावटा- प्रागपुरा द्वारा रविवार को कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका में विशाल निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एसएमएस अस्पताल जयपुर के पूर्व अतिरिक्त अधीक्षक डॉ के के मंगल एवं सेवा भारती के प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख डॉ जयनारायण शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में डॉ महेश मौर्य सर्जन, डॉ विनायक मंगल रेसपायरेट्री मेडिसिन, डॉ रवि बंसल मेडिसिन, डॉ सुमेर सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ संदीप यादव नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश डोचानिया मेडिसिन ने अपनी सेवाऐं दी। शिविर सहसंयोजक महेश पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक चले निः शुल्क चिकित्सा शिविर का कुल 150 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, की जॉच निः शुल्क की गई। इस दौरान सेवा भारती

कोटपूतली जिला मंत्री महेश सैनी, जिला प्रकल्प प्रमुख सत्यनारायण कौशिक, जिला प्रचारक कुलदीप कुमार, खण्ड संघचालक डॉ किशन लाल शर्मा, पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, सेवा भारती पावटा अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, महामंत्री डॉ सरोज यादव, कोषाध्यक्ष दीपक पटेल, गोपाल जोशी, सुनील पंसारी, डॉ विवेक शर्मा, रघु मिश्रा, जिला पर्यावरण प्रमुख रामसिंह जाट, अंकित गौड़, शीशराम जाट, श्रीकांत मिश्रा, महेश गौड़, मनीष सैन, विक्रम बसवाल, पंकज जिन्दल, रूद्राशं, भविष्य शर्मा, तनुज शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पचार में श्री गोपाल गौशाला में दिया पशु आहार के 55 कट्टे

दांतारामगढ़/पचार (सीमा संदेश संवाददाता)। पचार कस्बे की श्री गोपाल गौशाल समिति में गायों के लिए पौष्टिक आहार के लिए रविवार को भामाशाह भागचंद धायल पुत्र स्वर्गीय ज्ञानाराम धायल निवासी पचार ने 55 कट्टे पशु आहार के श्री गोपाल गौशाला समिति पचार को गायों के लिए भेंट किया गोपाल गौशाला समिति द्वारा भामाशाह भागचंद धायल एवं उनके पुत्र महिपाल सिंह धायल का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया । सम्मानित करने वालों में श्री गोपाल गौशाला समिति के उपाध्यक्ष भंवर सिंह ऐचरा, कार्यवाही कोषाध्यक्ष भंवर लाल चेहरा, व्यवस्थापक ग्यारसी लाल शर्मा एवं कस्बे वासियों में अध्यक्ष सर्व विप्र समाज श्रीपाल शर्मा, रामेश्वर लाल कुमावत, सागरमल बेडवाल, योगेश जांगिड़ सत्येंद्र धायल, सहित गौशाला कर्मचारी शंकर लाल वर्मा, बाबूलाल यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विष्णु दत्त तिवाड़ी ने भामाशाह धायल से बात की उन्होंने कहा गोमाता की सेवा करना हमारा धर्म है एवं धार्मिक पुराणों के अनुसार गोमाता पूजनीय मानी गई है। साथ धायलर अपील की है की गौमाता के लिए दान पुन्य करते रहना चाहिए।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होंगे विभिन्न आयोजन

29 अप्रैल को निकलेगी भव्य वाहन रैली और शोभायात्रा

सीमा संदेश संवाददाता

बूंदी। सर्व ब्राह्मण महासभा समिति की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन को लेकर पिछले 3 महीने से की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए बूंदी के एक निजी होटल में पत्रकारों को जानकारी दी। सर्व ब्राह्मण महासभा कि जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच ने कहा कि 25 अप्रैल से विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। जिसके तहत 25 अप्रैल को गो पूजन एवं गोवंश को हरा चारा डालकर इसकी शुरूआत श्री ब्रह्मांडेश्वर गौशाला बालचंद पाड़ा से की गई। इसके साथ ही असहाय व्यक्तियों को रेट वाली महादेव मंदिर पर भोजन कराया गया। 26 अप्रैल को सामान्य चिकित्सालय बूंदी में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। 27 अप्रैल को बच्चों की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें 100 मी. दौड़ सब जूनियर वर्ग, 200 मिटर दौड़ जूनियर वर्ग,. 200 मी. दौड़ सीनियर वर्ग, जलेबी दौड़ और चम्मच दौड़ का आयोजन किया गया। वही, बैडमिंटन, शूटिंग बॉल, कबड्डी जैसे खेलों का आयोजन भी किया

गया। महिलाओं के लिए 100 मीटर दौड़, गुब्बारे दौड,. कुर्सी दौड़, 1 मिनट गेम, नाचते रहो, बोल बेबी बोल, सरप्राइज गेम, शब्द का उल्टा आटको मटको झटको, हाऊजी आदि गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जयंती संयोजक नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि 28 अप्रैल को रामायण पाठ और रुद्राभिषेक का आयोजन होगा, परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिसमें विचित्र वेशभूषा में एक से सात वर्ष के बालक बालिकाएं भाग लेगे, युगल नृत्य, सामूहिक नृत्य का आयोजन भी होगा। 29 अप्रैल को भव्यवाहन रैली और शोभायात्रा दोपहर 3 बजे निकाली जाएगी। 3:30 बजे गढ़ की पड़स नाहर का चोहटा पर कलश वितरण किया जाएगा। शोभायात्रा श्रीमंशापुर्ण गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर सूरज जी का बड़, नाहर का चोहटा, सदर बाजार, चोमुखा बाजार से चोगान गेट, इंदिरा मार्केट, कोटा रोड, अहिंसा सर्किल होते हुए आजाद पार्क में संपन्न होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला होगे। विशिष्ट अतिथि बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व विधायक अशोक डोगरा, सहित समाज के जनप्रतिनिधि शामिल रहेगे। इस अवसर पर समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। उसके बाद महा प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। पत्रकार वार्ता को राजेन्द्र भारद्वाज, घनषम दुबे, विकास सनाढय, पियुश शर्मा, महिला अध्यक्ष किरण शर्मा, अनीता व्यास, चंदन शर्मा, नूतन तिवारी आदि ने संबोधित किया।

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013

शाखा कार्यालय : द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान)-302021

अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत)

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए 30 दिन की ई-नीलामी सूचना

जन सामान्य तथा विशेष रूप से निम्नलिखित ऋणधारक और सह-ऋणधारक या उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों (ऋणधारकों) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति जो **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड (टीसीएचएफएल)** के पास गिरवी है, का कब्जा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित ऋणधारक व सहऋणधारकों से बकाया की वसूली के लिए 'जो है जहां है','जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' बिना किसी रिकोर्स के आधार पर **29.05.2025** को विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे है। यहां यह सूचित किया जाता है कि इस सुरक्षित आस्ति/सम्पत्ति का विक्रय किसी स्थगन/बिना अन्तराल ई-नीलामी द्वारा **29.05.2025** को अपराह्न 2 बजे किया जाएगा। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को ईएमडी का डिमांड ड्राफ्ट सीलबंद लिफाफे में **18-02-2025 को सायं 5 बजे तक** या उससे पूर्व शाखा पता **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान) 302021 को प्रस्तुत करना होगा।

सुरक्षित आस्ति/अचल सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है वहां जो स्थिति है' के आधार पर किया जाएगा, जिनका संक्षिप्त विवरण यहां निम्नानुसार है :

क्रम. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋणधारक (ों)/सह-ऋणधारक (ों) विधिक वारिस (ों)/ विधिक प्रतिनिधि /जमानतदार(ों) के नाम	डिमांड नोटिस के अनुसार राशि	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि	कब्जे का प्रकार	दिनांक 25.01.2025 के बकाया राशि
1)	10103583 & TCHIN03060 00100088398	**श्री सूर्यप्रकाश आर काकरा पुत्र श्री रामअवतार श्री श्रीकिशन काकरा, श्रीमती किरण देवी पत्नी श्री सूर्यप्रकाश आर काकरा**	ऋण खाता संख्या 10103583 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **9,49,478/-**(रुपए नौ लाख उनचास हजार चार सौ अठहत्तर मात्र) तथा ऋण खाता संख्या TCHIN030600010008 8398 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **2,93,489/-**(रुपए दो लाख तिरानवे हजार चार सौ नवासी मात्र) अर्थात कुल **रु. 12,42,967/-**(रुपये बारह लाख बियालीस हजार नौ सौ सड़सठ मात्र) 14-08-2024	रुपये 13,12,500/- (रुपये तेरह लाख बारह हजार पांच सौ मात्र)	रुपये 1,31,250/- (रुपये एक लाख इक्कतीस हजार दो सौ पचास मात्र)	भौतिक	अनुबंध सं. 10103583 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **10,54,773/-** (रुपए दस लाख चौपन हजार सात सौ तिहत्तर मात्र) तथा अनुबंध सं. TCHIN03060001000 88398 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **3,34,820/-**(रुपए तीन लाख चौंतीस हजार आठ सौ बीस मात्र) अर्थात कुल **रु. 13,89,593/-**(रुपये तेरह लाख नवासी हजार पांच सौ तिरानवे मात्र)
	अचल संपत्ति का विवरण: ग्राम हाथोज, मंगलम सिटी, ब्लॉक् सी, कलवार रोड, जयपुर - 302012 (राजस्थान) स्थित प्लाट संख्या सी-42 पर निर्मित, भूतल, आवासीय फ्लैट संख्या जी-3 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 750 स्क्वेयर फीट, बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। प्लॉट संख्या 42 की सीमाएँ: पूर्व- रोड 30' चौड़ी, पश्चिम- प्लॉट संख्या 23, उत्तर- प्लॉट संख्या सी41,दक्षिण- प्लॉट संख्या सी43.					
2)	TCHHL03060 00100072993	**श्री ओम प्रकाश जाट पुत्र श्री नेकी राम जाट, श्रीमती मुनेश कुमारी पत्नी श्री ओम प्रकाश जाट**	**रु. 21,90,260/- (रुपए इक्कीस लाख नब्बे हजार दो सौ साठ मात्र)** 16-08-2024	रु. 20,62,500/- (रुपए बीस लाख बासठ हजार पांच सौ मात्र)	रु. 2,06,250/- (रुपए दो लाख छह हजार दो सौ पचास मात्र)	भौतिक	**रुपये 24,18,348/-**(रुपये चौबीस लाख अठारह हजार तीन सौ अड़तालीस मात्र)
	अचल संपत्ति का विवरण: गांव हाथोज, मंगलम सिटी के रूप में जाना जाने वाला इलाका, ब्लॉक ए, कलवार रोड, जयपुर - 302021 (राजस्थान) के प्लाट सं. सी-51 के द्वितीय तल पर निर्मित आवासीय इकाइ संख्या एस-3 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 910 स्क्वेयर फीट, बिक्री संलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। प्लॉट संख्या सी-51 की सीमाएँ:- पूर्व- सरकारी सड़क 30' चौड़ी, पश्चिम- प्लॉट संख्या 14, उत्तर- प्लॉट संख्या सी-50, दक्षिण- प्लॉट संख्या सी-52।					

नीलामी के समय जन सामान्य व्यक्तिगत रूप से बोली(यां) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित है। इस विक्रय से जुड़े किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति का इस विक्रय निष्पादन प्रक्रिया के दौरान कोई कर्तव्य-अधिकार नहीं होगा तथापि अचल संपत्ति के विक्रय, बोली, अधिग्रहण या अधिग्रहण के प्रयास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी हित नहीं होगा।

विक्रय का विषय प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों के अंतर्गत होगा तथा निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जाएगा :

नोटः सम्पत्तियों की ई-नीलामी का आयोजन पोर्टल पर https://bankauctions.in पर 29.05.2025 को दोपहर 2.00 से सायं 3.00 के बीच 5 मिनट के प्रत्येक सीमित विस्तार अंतराल के साथ किया जाएगा।

नियम व शर्तें : 1. अनुसूची में वर्णित विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना अनुसार कथन किए गए हैं, परन्तु इस उद्घोषणा में हुई किसी भी चूक, मिथ्या कथन या भूल के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदार संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अचल सम्पत्ति को नीलामी में पुनः रखना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्णय होगा। 2. अचल संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। 3. बोली बढ़ाने की राशि **रु. 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)** रहेगी। 4. संपत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी निविदाओं के साथ धरोहर राशि जो **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.,** के शाखा पते के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा होना आवश्यक है, असफल बोलीदाता को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा। एनइएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान के लिए कृपया प्रधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें। 5. किसी भी उच्चतम बोलीदाता को क्रयकर्ता घोषित करना हमेशा ही एक विधिसम्मत प्रक्रिया होती है एवं उसे कानूनी रूप से पात्र माना जाता है, जबकि उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। यह प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर है कि जब ऑफर किया गया मूल्य स्पष्टरूप से यह संकेत कर रहा हो तो यह अनुचित है तो वह उच्चतम बोली को स्वीकार करने से इनकार कर दे। 6. दर्ज किये गये कारणों से यह 'प्राधिकृत अधिकारी' का स्वनिर्णय का अधिकार है कि वह विक्रय को आगे बढ़ा दे या रोक दे। 7. सम्पत्तियों का निरीक्षण **21.05.2025** को **प्रातः 11 से सायं 5.00** बजे के मध्य किया जा सकता है। 8. प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे में क्रय मूल्य/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत (जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी) राशि जमा करने पर व्यक्ति को क्रेता घोषित किया जाएगा, इस जमा में असफल रहने पर सम्पत्ति ताजा नीलामी/निजी संधि से विक्रय हेतु रखी जाएगी। 9. प्राथमिक रूप से उपरोक्त अनुसार राशि जमा करने की दशा में, क्रेता को संपत्ति की पुष्टि की दिनांक से 15वें दिन या इससे पहले, 15 वें दिन अवकाश या रविवार हो तो 15वें दिन के पश्चात प्रथम दिन तक प्राधिकृत अधिकारी के पास क्रय बोली राशि की शेष राशि जमा करनी होगी। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में किसी चूक की स्थिति में सम्पत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता सम्पत्ति के सभी दावों को खो बैठेगा। (11) ऊपर बताई गई अवधि के भीतर किसी भी भुगतान में चूक की स्थिति में, संपत्ति को निजी संधि द्वारा नए सिरे से नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता खरीदार संपत्ति पर सभी दावे खो देगा। **12. किसी भी अन्य विवरण या ई-नीलामी की प्रक्रिया के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, मैसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक संख्या 605 ए, छठा तल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलैक्स, अमीरपेट, हैदराबाद -500038 ईमेल : info@bankauctions.in मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी मोबा. नं. 8588983696, कृपया अपनी पूछताछ वट्सऐप नं. 9999078669 पर भेजें।** 13. टीडीएस 1 प्रतिशत लागू होगा और यह घोषित उच्चतम बोली राशि पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा देय होगा। उच्चतम बोलीदाता द्वारा भुगतान मालिक/ऋणधारक(ों) के पैन से जमा होगा और हमारी कम्पनी को चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। 14. कृपया उक्त विवरण के लिए उक्त विवरण के लिए सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर इस लिंक पर जाएं **http://surl.li/hrzdqy** 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएं: **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

कृपया ध्यान दें: टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति के बिक्री/नीलामी के लिए उल्लेखित नीलामी साझेदार की ओर से किसी भी ब्रोकर/एजेंट को अनुबंधित नहीं किया है। इच्छुक पार्टियां इस मामले में समस्त पूछताछ व प्रश्नावली के लिए केवल प्राधिकृत अधिकारी या अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क करें।

स्थान : राजस्थान
तिथि : 28.04.2025

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.